1249. जनगणना-2011 के अनुसार, भारत एवं राजस्थान में कार्य सहभागिता दर, क्रमशः कितनी रही?

(a) 43.6% एवं 41.8% (b) 39.8% एवं 43.6%
(c) 42.4% एवं 41.8% (d) 39.8% एवं 36.4%

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (b) : जनगणना 2011 के अनुसार भारत एवं राजस्थान में कार्य सहभागिता दर क्रमशः 39.8 प्रतिशत तथा 43.6 प्रतिशत दर्ज की गई थी। जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान में पुरुषों की कार्य सहभागिता दर 51.5 प्रतिशत तथा महिलाओं की कार्य सहभागिता दर 35.1 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

1250. राजस्थान में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का द्वितीय स्थान पर सर्वाधिक प्रतिशत है (2011)-

(a) बांसवाडा जिले में (b) प्रतापगढ़ जिले में
(c) डूंगरपुर जिले में (d) दौसा जिले में

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (c) : डूँगरपुर अनुसूचित जनजाति जनसंख्या प्रतिशत में राज्य में द्वितीय स्थान पर है। जनगणना 2011 के आंकड़ों के अनुसार राजस्थान के सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति (ST) प्रतिशतता वाले जिले- बाँसवाड़ा (76.4%), डूँगरपुर (70.8%) प्रतापगढ़ (63.4%) व उदयपुर (49.7%) हैं। बीकानेर तथा नगौर में अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत (0.3%) है जो कि राजस्थान में न्यूनतम है।

1251.2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान के किन जिलों में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत उनकी कुल जनसंख्या में न्यूनतम है?

(a) सीकर और धौलपुर (b) झुन्झुनु और चूरू
(c) बीकानेर और नागौर (d) गंगानगर और हनुमानगढ़

उत्तर (c)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1252. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान के कौन से जिलों में ग्रामीण और नगरीय लिंगानुपात सर्वाधिक है?

	ग्रामीण लिंगानुपात	नगरीय लिंगानुपात
(a)	राजसमन्द	बाँसवाड़ा
(b)	डूंगरपुर	टोंक
(c)	पाली	चूरू
(d)	जालौर	नागौर

सही हैः

(1) B (2) A
(3) D (4) C

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (*) : 2011 की जनगणना के अनुसार- सर्वाधिक ग्रामीण लिंगानुपात वाला जिला पाली (1003) है जबकि सर्वाधिक नगरीय लिगांनुपात वाला जिला टोंक (985) है।
राजस्थान का कुल लिंगानुपात 928 है।
नोटः राजस्थान लोक सेवा आयोग ने इस प्रश्न को मूल्यांकन से बाहर कर दिया है।

1253. वर्ष 2011 में राजस्थान में ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत था-

(a) 70.2 (b) 75.1
(c) 64.4 (d) 81.9

RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022
संगणक भर्ती परीक्षा 2018 (5 मई 2018)

Ans. (b) : 2011 की जनगणना के अनुसार, वर्ष 2011 में राजस्थान में ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत 75.1% तथा शहरी जनसंख्या का प्रतिशत 24.9% है। वर्ष 2011 में राजस्थान का जनसंख्या घनत्व 200 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है।

1254. राजस्थान में 2016 में शिशु मृत्यु दर (IMR) प्रति हजार जीवित जन्मित पर है-

(a) 41 (b) 34
(c) 36 (d) 44

RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022
संगणक भर्ती परीक्षा 2018 (5 मई 2018)

Ans. (a) : राजस्थान में 2016 में शिशु मृत्युदर (IMR) प्रति हजार जीवित जन्म पर 41 थी। मई 2022 में जारी सेम्पल रजिस्ट्रेशन सिस्टम के आंकडों के अनुसार राजस्थान में 0 से 1 वर्ष तक के बच्चों की शिशु मृत्यु दर (IMR) 32 हो गयी है।

1255. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में लिंगानुपात है :

(a) 921 (b) 926
(c) 919 (d) 935

RPSC-2011

Ans. (*) : 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में लिंगानुपात 928 है तथा कुल जनसंख्या 68,548,437 है राजस्थान की औसत साक्षरता दर 66.10प्रतिशत, पुरूषों की 79.19प्रतिशत तथा महिला % की 52.1प्रतिशत है।

1256. राजस्थान में इनमें से कौन-सा जिला 2011 में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व रखता है?

(a) भरतपुर (b) अलवर
(c) दौसा (d) जयपुर

RPSC-2011

Ans. (d) : 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान का सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला जिला जयपुर (595व्यक्ति प्रति कि.मी.) है। राजस्थान का जनसंख्या घनत्व 200 व्यक्ति वर्ग कि.मी. है।

जिला	-	घनत्व (प्रति व्यक्ति वर्ग कि.मी.)
भरतपुर	-	503
दौसा	-	476
अलवर	-	438

1257. जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान में सर्वाधिक कुल जनसंख्या वाले जिलों का सही आरोही क्रम है-

(a) नागौर, अलवर, जयपुर, जोधपुर
(b) अलवर, नागौर, जोधपुर, जयपुर
(c) नागौर, अलवर, जोधुपर, जयपुर
(d) जयपुर, जोधपुर, नागौर, अलवर

RPSC-2022

Ans. (d) : जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान के सर्वाधिक जनसंख्या वाले जिले इस प्रकार है- जयपुर (66,26,178), जोधपुर (36,87,165) अलवर (36,74,179) तथा नगौर (33,07,743)।